J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING: 14.11.2020

AMAR UJALA

एश्लॉन इंस्टीट्यूट के छात्र फिर जमा कर सकेंगे फार्म

A.U.14.11.2020

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा एश्लॉन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें परीक्षा फार्म जमा करवाने का एक और अवसर प्रदान किया है। यह अवसर उपायुक्त फरीदाबाद के माध्यम से 12 नवंबर को प्राप्त हुए अभिभावक एकता मंच, हरियाणा के अनुरोध और विद्यार्थियों के व्यापक हित को देखते हुए दिया गया है।

अभिभावक एकता मंच और विद्यार्थियों ने उपायुक्त से किया था अनुरोध

एश्लॉन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के इवन सेमेस्टर के विद्यार्थियों का मूल्यांकन व अगले सेमेस्टर में प्रोन्नति का मामला इंस्टीट्यूट द्वारा परीक्षा फार्म जमा न करवाने के कारण लंबित है। इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा मार्च में परीक्षा फार्म जारी किए गए थे। अभिभावक एकता मंच, हरियाणा ने चिंता जताई थी कि विश्वविद्यालय ने हाल ही में अगले सेमेस्टर परीक्षा के लिए परीक्षा फॉर्म भरने का कार्यक्रम जारी किया है, लेकिन पिछले फॉर्म न भरने के कारण एश्लॉन इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी उक्त फॉर्म नहीं भर सकते। मंच ने अनुरोध किया था कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने का अवसर प्रदान किया जाए।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इस अनुरोध और विद्यार्थियों के व्यापक हितों को प्राथमिकता देते हुए विश्वविद्यालय ने एश्लॉन इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों को पुनः परीक्षा फॉर्म जमा करवाने का अवसर दिया है।

NEWS CLIPPING: 14.11.2020

DAINIK BHASKAR

D.B. 14.11.2020

एश्लान इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म जमा करने का एक और मौका

फरीदाबाद | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एश्लान इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी के विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें परीक्षा फार्म जमा करने के लिए एक और मौका दिया है। यह अवसर डीसी ने अभिभावक एकता मंच हरियाणा के अनुरोध व विद्यार्थियों के हितों को देखते हुए दिया है। एश्लान इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी के इवन सेमेस्टर के विद्यार्थियों का मूल्यांकन तथा अगले सेमेस्टर में प्रोन्नति का मामला इंस्टीट्यूट द्वारा परीक्षा फार्म जमा न करने के कारण लंबित है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने मार्च 2020 में परीक्षा फार्म जारी किए थे।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 14.11.2020

HINDUSTAN

एश्लॉन के छात्र फॉर्म भर सकेंगे

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान वन एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए की ओर से एश्लॉन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्रों को परीक्षा फॉर्म जमा करवाने का एक और अवसर दिया जा रहा है। उपायुक्त के जरिए 12 नवंबर को अभिभावक एकता मंच की ओर से की गई अपील पर छात्र हित को देखते हुए ये फैसला लिया गया है।

दरअसल, एश्लॉन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के इवन सेमेस्टर के छात्रों का मूल्यांकन तथा अगले सेमेस्टर में प्रोन्नति का मामला इंस्टीट्यूट की ओर से परीक्षा फॉर्म जमा न करवाने के कारण लंबित पड़ा है, इसके लिए विश्विद्यालय की ओर से मार्च 2020 में परीक्षा फार्म जारी किए गए थे।